PETRO-CHEMICALS IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI R. K. JAICHANDRA SINGH); (a) Prices of some non-scheduled formulations have gone up.

(b) and (c) To the extent information is available, M/s. Raptakos Brett & Co. Ltd. who has revised the prices of Cal-cinol F Syrups and Negorine Elixer by wrongly classifying them as non-scheduled formulations was asked to reclassify the products. The prices of Sudafed Tablets and Syrup and Rabipur Vaccine have not increased after the commencement of DPCO, 1987.

(d) The extent of increase in the prices of individual drugs can be known only after the prices have been fixed as per provisions of DPCO, 1987.

रसोई गैस के उपभोक्ताओं को हुई असुविधा का दूर किया जाना

2365. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में गौतमपुरी, ब्रह्मपुरी, नया सीलमपुर और जाफराबाद में रह रहे उपभोक्ताओं के मामले में रसोई गैस की डीलरशिप को मैसर्स विशाल गैस सर्विस से अन्तरित कर मैसर्स जी० एन० इन्टरप्राइज को दे दिया गया है जिसके कारण इन कालोनियों के निवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) उपरोक्त (क) में उल्लिखित कालोनियों में रहने वाले रसोई गैस के उपभोक्ताओं को असुविधा न हो, इसके लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री ब्रह्म दत्त) : (क) से (ग) जी, नहीं। तथापि मै० विशाल गैस सर्विस के कुछ ऐसे उपभोक्ताओं को पुनर्गठन कार्यक्रम के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र में अन्य वितरकों के पास उपभोक्ताओं को बिना कष्ट पहुंचाए स्थानान्तरित करने का प्रस्ताव है जो उनकी निर्धारित सीमा से अधिक है।

उड़ीसा में गांवों का विद्युतीकरण

2365. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उड़ीसा में उन ग्रामीण क्षेत्रों के क्रमशः नाम क्या हैं जिनमें विद्युत की सप्लाई उपलब्ध नहीं है ;

(ख) क्या सरकार वर्ष 1988 के दौरान उपरोक्त भाग (क) में उल्लिखित ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत की सप्लाई करने का विचार रखती है ;

(ग) यदि हां, तो उन ग्रामीण क्षेत्रों के नाम क्या हैं और मयूरभंज जिले में यह सुविधा कब तक उपलब्ध करा दिये जाने का विचार है ;

(घ) ऊपर भाग (ग) में उल्लिखित क्षेत्रों में इस प्रयोजन के लिए कुल कितनी धनराशि व्यय करने का प्रस्ताव है; और

(ङ) मयूरभंज जिले के उन गांवों में से प्रत्येक में कुल कितनी धनराशि व्यय करने का प्रस्ताव है, जिनमें बिजली की सप्लाई की जायेगी ?

ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) से (ङ) 31-10-1987 की स्थिति के अनुसार उड़ीसा में जिन गांवों का अभी विद्युतीकरण किया जाना है उनका जिलेवार गांवों को दर्शाने वाला विवरण संलग्न है **(नीचे देखिये)**। गांवों के नाम से संबंधित सूचना का मिलान नहीं किया जाता है। 1987-88 के दौरान उड़ीसा में ग्राम विद्युतीकरण कार्यक्रम के लिए योजना आयोग ने 22.32 करोड़ रुपये के योजना परिव्यय की सिफारिश की है जिसमें 1400 गांवों